www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# PAPER-II
# ECONOMICS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. [ | | | | | | | ]
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 0 1 1 4**

Time : 1 ¼ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

# ECONOMICS
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Who distinguished between value in use and value in exchange and gave the famous example of diamonds and water ?
(A) Adam Smith
(B) David Ricardo
(C) Alfred Marshall
(D) Karl Marx

**2.** In an economy of two individuals A and B and two commodities X and Y, general equilibrium of production and exchange occurs when
(A) $MRT_{XY} = \left(\frac{P_X}{P_Y}\right)$
(B) $MRS_{XY}$ for A and B $= \left(\frac{P_X}{P_Y}\right)$
(C) $MRS^A_{XY} = MRS^B_{XY}$
(D) $MRT_{XY} = MRS^A_{XY} = MRS^B_{XY}$

**3.** When income effect becomes stronger than substitution effect, the labour supply curve will
(A) Slope positively
(B) Negatively sloped
(C) Bend backward
(D) Slope upwards

**4.** **Assertion (A) :** The concept of supply curve is meaningless for the monopolist.
**Reason (R) :** Monopolists are price setters; it does not make reuse to ask what output they will produce at various prices.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) is correct, but (R) is not correct.
(C) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(D) (R) is correct, but (A) is incorrect.

**5.** Predatory pricing policy is designed to
(A) drive competitors out of business
(B) maximise profits
(C) encourage entrants into the market
(D) attain least cost output

**6.** Match items in List – I with items in List – II and select the correct answer from the code given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. The Screening Hypothesis | 1. George A. Akerlof |
| b. Job Market Signalling | 2. K.J. Arrow |
| c. The problem of moral hazard in the case of medical insurance | 3. M. Spencer |
| d. The market for lemons | 4. Paul W. Miller and Paul A. Volcker |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 4 | 3 | 1 |

# अर्थशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से किसने उपयोग मूल्य और विनिमय मूल्य के बीच भेद किया है और हीरे और जल का प्रसिद्ध उदाहरण पेश किया ?
(A) एडम स्मिथ (B) डेविड रिकार्डो
(C) अल्फ्रेड मार्शल (D) कार्ल मार्क्स

**2.** दो उपभोक्ता A और B और दो वस्तु X और Y की अर्थव्यवस्था में, उत्पादन और विनिमय का सामान्य संतुलन तब होगा जब :
(A) $MRT_{XY} = \left(\frac{P_X}{P_Y}\right)$
(B) $MRS_{XY}$ A और B के लिए $= \left(\frac{P_X}{P_Y}\right)$
(C) $MRS^A_{XY} = MRS^B_{XY}$
(D) $MRT_{XY} = MRS^A_{XY} = MRS^B_{XY}$

**3.** जब आय प्रभाव प्रतिस्थापन प्रभाव से ज्यादा शक्तिशाली बन जाता है, तो श्रम आपूर्ति वक्र
(A) धनात्मक रूप से ढलवाँ होगी ।
(B) ऋणात्मक रूप से ढलवाँ होगी ।
(C) पीछे की ओर मुड़ेगी ।
(D) ऊपर की ओर चढ़ेगी ।

**4.** **अभिकथन (A) :** एकाधिकारी के लिये आपूर्ति वक्र की अवधारणा कोई अर्थ नहीं रखती है ।
**कारण (R)** : एकाधिकारी गण मूल्य निर्धारक होते हैं, और विभिन्न कीमतों पर वे क्या उत्पादन करेंगे यह पूछना कोई मायने नहीं रखता है ।
**कूट** :
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है ।
(C) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(D) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।

**5.** कीमत निर्धारण की स्वार्थचालित नीति किस लिये बनाई जाती है ?
(A) प्रतियोगियों को कारोबार से बाहर निकालने के लिये
(B) लाभ अधिकतम करने के लिये
(C) प्रवेशियों को बाजार में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करने के लिए
(D) न्यूनतम लागत पर उत्पादन प्राप्त करने के लिए

**6.** सूची – I में दी मदों को सूची – II में दी मदों के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | पृथक्करण (Screening) परिकल्पना | 1. | जॉर्ज ए. अकरलॉफ |
| b. | कार्य बाजार (जॉब मार्किट) संकेतन | 2. | के.जे. एरो |
| c. | चिकित्सा बीमा की स्थिति में नैतिक संकट की समस्या | 3. | एम. स्पेंसर |
| d. | नीबूओं का बाजार | 4. | पॉल डब्ल्यू. मिल्लर तथा पॉल ए. वॉलकर |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 4 | 3 | 1 |

www.prepp.in

7. An industry whose long run supply curve is horizontal is called
(A) Constant cost industry
(B) Increasing Cost Industry
(C) Decreasing Cost Industry
(D) Efficient Industry

8. The practice of charging each consumer the reservation price is called
(A) Peak load pricing
(B) Inter-temporal price discrimination
(C) First degree price discrimination
(D) Third degree price discrimination

9. Frictional unemployment is also known as
(A) Disguised unemployment
(B) Turnover unemployment
(C) Cyclical unemployment
(D) Structural unemployment

10. Arrange in ascending chronological order the following consumption hypotheses in which they appeared in the economics literature :
(1) Absolute increase hypothesis
(2) Permanent increase hypothesis
(3) Life cycle hypothesis
(4) Relative increase hypothesis

**Codes :**

(A) 1, 3, 4, 2 (B) 1, 2, 4, 3
(C) 1, 4, 3, 2 (D) 1, 3, 2, 4

11. Assume a model of income determination of the following type :

$C = a + b \cdot Y^d$

$Y^d = Y - T$

$T = T_0 + t_1 \cdot Y$

$I = \bar{I}$

$G = \bar{G}$

$Y = C + I + G$

Where C = Consumption expenditure; Y = income; $Y^d$ = disposable income; T = taxes; $T_0$ = Tan, when Y = 0; $t_1$ = marginal tax rate; I = investment expenditure; G = Government expenditure; and bar '–' as the variable indicates that these autonomous variables. Then the tax multiples with respect to $T_0$ is :

(A) $\frac{1}{1 - b + bt_1}$ (B) $\frac{-b}{1 - b + bt_1}$
(C) $\frac{1 - b}{1 - b - bt_1}$ (D) $\frac{1}{1 - b - bt_1}$

12. Which of the following components of aggregate demand is self-terminating and self-financing ?
(A) Investment expenditure
(B) Durable consumption expenditure
(C) Non-durable consumption expenditure
(D) Government expenditure

13. Arrange all the four concepts of money supply $M_1$, $M_2$, $M_3$ and $M_4$ in the ascending order in terms of their liquidity :
(A) $M_3$, $M_2$, $M_1$ and $M_4$
(B) $M_1$, $M_2$, $M_3$ and $M_4$
(C) $M_4$, $M_2$, $M_3$ and $M_1$
(D) $M_4$, $M_3$, $M_2$ and $M_1$

7. जिस उद्योग की दीर्घकालिक आपूर्ति वक्र क्षैतिज होती है वो क्या कहलाता है ?
   (A) स्थिर लागत उद्योग
   (B) वर्धमान लागत उद्योग
   (C) ह्रासमान लागत उद्योग
   (D) कार्यकुशल / दक्ष उद्योग

8. प्रत्येक उपभोक्ता से संरक्षित कीमत (रिज़र्वेशन प्राइस) लेने की प्रथा क्या है ?
   (A) चरम भार कीमत निर्धारण
   (B) अंत:कालिक कीमत विभेदीकरण
   (C) प्रथम कोटि का कीमत विभेदीकरण
   (D) तृतीय कोटि का कीमत विभेदीकरण

9. संघर्षजनित या अस्थायी बेरोजगारी निम्नलिखित में से किस नाम से जानी जाती है ?
   (A) प्रच्छन्न बेरोजगारी
   (B) पण्यावर्त (टर्नओवर) बेरोजगारी
   (C) चक्रीय बेरोजगारी
   (D) संरचनात्मक बेरोजगारी

10. निम्नलिखित उपभोग परिकल्पनाएँ जिस क्रम में अर्थशास्त्र के साहित्य में दिखाई पड़ती है उन्हें आरोही कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें :
   1. निरपेक्ष आय परिकल्पना
   2. स्थायी आय परिकल्पना
   3. जीवन चक्र परिकल्पना
   4. सापेक्ष आय परिकल्पना

   **कूट :**
   (A) 1, 3, 4, 2 (B) 1, 2, 4, 3
   (C) 1, 4, 3, 2 (D) 1, 3, 2, 4

11. निम्नलिखित प्रकार के आय निर्धारण मॉडल की कल्पना करें :

$$C = a + b \cdot Y^d$$
$$Y^d = Y - T$$
$$T = T_0 + t_1 \cdot Y$$
$$I = \bar{I}$$
$$G = \bar{G}$$
$$Y = C + I + G$$

जहाँ C = उपभोग व्यय; Y = आय; $Y^d$ = प्रयोज्य आय; T = कर; $T_0$ = Tan जहाँ Y = 0 है; $t_1$ = सीमान्त कर दर; I = निवेश व्यय; G = सरकारी व्यय; और चर पर शलाका सूचित करती है कि यह स्वचालित चर हैं । तो फिर $T_0$ के सापेक्ष कर गुणक है

   (A) $\frac{1}{1 - b + bt_1}$ (B) $\frac{-b}{1 - b + bt_1}$
   (C) $\frac{1 - b}{1 - b - bt_1}$ (D) $\frac{1}{1 - b - bt_1}$

12. समग्र माँग के निम्नलिखित अवयवों में से कौन सा स्व-विरामी तथा स्व-वित्तपोषणीय है ?
   (A) निवेश व्यय
   (B) टिकाऊ उपभोग व्यय
   (C) गैर-टिकाऊ उपभोग व्यय
   (D) सरकारी व्यय

13. मुद्रा आपूर्ति की समस्त चार अवधारणाओं $M_1$, $M_2$, $M_3$ और $M_4$ को उनकी तरलता के सम्बन्ध में आरोही क्रम में व्यवस्थित करें :
   (A) $M_3$, $M_2$, $M_1$ और $M_4$
   (B) $M_1$, $M_2$, $M_3$ और $M_4$
   (C) $M_4$, $M_2$, $M_3$ और $M_1$
   (D) $M_4$, $M_3$, $M_2$ और $M_1$

**14.** Who amongst the following economists imparted money demand of a portfolio theory approach ?

(1) J.M. Keynes
(2) Baumol
(3) James Tobin
(4) Milton Friedman

**Codes :**

(A) 1, 2 (B) 3, 4
(C) 1, 2, 3 (D) 2, 3, 4

**15.** Which of the following is not a characteristic feature of the Phillips curve ?

(A) The Price expectations are adaptive
(B) The unemployment rate, when money wage stabilises, is 5½ percent
(C) The price expectations are static
(D) there is a loop around Phillips curve

**16.** The crowding out effect is zero when

(A) there is liquidity trap, or investment is perfectly interest inelastic
(B) money demand is perfectly interest inelastic, or investment is perfectly interest elastic
(C) IS curve is falling and LM curve is rising
(D) None of the above

**17.** Meeting the needs of present generation without compromising the needs of future generation is

(A) Economic Development
(B) Social Development
(C) Sustainable Development
(D) Economic Growth

**18.** The full capacity growth rate in Harrod-Domar Model is also known as

(A) Actual growth rate
(B) Warranted growth rate
(C) Natural growth rate
(D) Expected growth rate

**19.** Inventors of HDI are

I. Harris-Todaro
II. Megnad Desai
III. Robert Solow
IV. Amartya Sen

**Codes :**

(A) I and II are correct.
(B) I and III are correct.
(C) III and IV are correct.
(D) II and IV are correct.

**20.** Components of PQLI

I. Morbidity
II. Infant mortality
III. Life expectancy at age one
IV. Basic literacy at age 15

**Codes :**

(A) I, III and IV are correct.
(B) III, II and IV are correct.
(C) I, II and III are correct.
(D) IV, I and II are correct.

**14.** मुद्रा की माँग को पोर्टफोलियो थ्योरी उपागम के रूप में निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने प्रस्तुत किया ?

1. जे.एम. कीन्स
2. बामोल
3. जेम्स टोबिन
4. मिल्टन फ्रीडमैन

**कूट :**

(A) 1, 2 (B) 3, 4
(C) 1, 2, 3 (D) 2, 3, 4

**15.** फिलिप्स वक्र की विशेषता निम्नलिखित में से कौन सी नहीं है ?

(A) कीमत प्रत्याशाएँ अनुकूली होती हैं ।
(B) जब मौद्रिक मजदूरी स्थिर होती है तो बेरोजगारी की दर 5½ प्रतिशत होती है ।
(C) कीमत प्रत्याशाएँ स्थिर होती है ।
(D) फिलिप्स वक्र के इर्द-गिर्द फन्दा होता है ।

**16.** 'क्राऊडिंग आऊट इफेक्ट' शून्य हो जाता है जब

(A) तरलता जाल की स्थिति है, या निवेश पूर्णतया ब्याज बेलोचदार है ।
(B) मौद्रिक माँग पूर्णतया ब्याज बेलोचदार है, या निवेश पूर्णतया ब्याज लोचदार है ।
(C) आई.एस. वक्र गिर रही है और एल.एम. वक्र ऊपर की ओर बढ़ रही है ।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** भावी पीढ़ी की आवश्यकताओं को संकट में डाले बगैर वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करना क्या है ?

(A) आर्थिक विकास
(B) सामाजिक विकास
(C) धारणीय विकास
(D) आर्थिक संवृद्धि

**18.** हैरोड-डोमर मॉडल में पूर्ण क्षमता (या समर्थता) संवृद्धि दर को निम्नलिखित नाम से भी जाना जाता है :

(A) वास्तविक संवृद्धि दर
(B) समर्थित या अभीष्ट संवृद्धि दर
(C) प्राकृतिक संवृद्धि दर
(D) अपेक्षित संवृद्धि दर

**19.** एच.डी.आई. (H.D.I.) के आविष्कारक हैं :

I. हेरिस-टुडैरो
II. मेघनाद देसाई
III. रॉबर्ट सोलो
IV. अमर्त्य सेन

**कूट :**

(A) I और II सही हैं ।
(B) I और III सही हैं ।
(C) III और IV सही हैं ।
(D) II और IV सही हैं ।

**20.** पी.क्यू.एल.आई. (PQLI) के संघटक हैं :

I. रुग्णता
II. शिशु मृत्यु
III. एक वर्ष की आयु पर जीवन प्रत्याशा
IV. 15 वर्ष की आयु पर मौलिक साक्षरता

**कूट :**

(A) I, III और IV सही हैं ।
(B) III, II और IV सही हैं ।
(C) I, II और III सही हैं ।
(D) IV, I और II सही हैं ।

**21.** **Assertion (A) :** All historical events are the results of continuous economic struggle between different classes and groups in society.

**Reason (R) :** The main cause of this struggle is the conflict between the 'mode of production' and the 'relations of production'.

**Codes :**

(A) (A) is correct, but (R) is wrong.
(B) (A) is wrong, but (R) is correct.
(C) Both (A) and (R) are wrong.
(D) Both (A) and (R) are correct.

**22.** Match the items given in List – I with those in List – II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Swarm-like-clusters | 1. | Brundtland Report |
| b. | Organic composition of capital | 2. | Ragner Nurkse |
| c. | Sustainable Development | 3. | Schumpeter |
| d. | Vicious circle of poverty | 4. | Karl Marx |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**23.** Match the items given in List – I with those in List – II :

| | **List – I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| a. | Low level equilibrium trap | 1. | Simon Kuznets |
| b. | Inverted 'V' shaped income distribution hypothesis | 2. | Nelson |
| c. | Endogenous growth theory | 3. | Arthur Lewis |
| d. | Unlimited supplies of labour | 4. | Robert Solow |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**24.** Which of the following is correct about the 'Hindu Growth Rate' ?

(A) This is about economic growth of the Hindu population.
(B) Shows economic disparities among different social groups in India.
(C) Reflects low growth performance of the Indian economy during 1950-80.
(D) Hints at accelerated growth in India since 1980

**25.** Find out the incorrect statement about the success of economic reforms in India.

(A) Benefits of demographic dividends
(B) Increased share of the corporate sector in Gross Domestic Savings
(C) Narrowing down of the current account deficit
(D) Slow down of population growth rate

**26.** Single out the activity that is not included in the Industrial Production Index of India :

(A) Manufacturing
(B) Construction
(C) Mining
(D) Electricity

**27.** High growth of which industry provides a positive signal for industrial growth in future ?

(A) Capital goods industries
(B) Basic goods industries
(C) Durable consumer goods industries
(D) Intermediate goods industries

**28.** Identify the method not being used for unemployment estimation by the NSSO in India.

(A) Current monthly status
(B) Current daily status
(C) Current weekly status
(D) Usual principal and subsidiary status

**21.** **अभिकथन (A) :** सभी आर्थिक घटनाएँ, समाज में भिन्न वर्गों और समूहों के बीच अनवरत आर्थिक संघर्ष का परिणाम होती हैं ।

**कारण (R)** : इस संघर्ष का मुख्य कारण ‘उत्पादन के तरीके’ और ‘उत्पादन के सम्बन्धों’ के बीच संघर्ष है ।

**कूट** :

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(C) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

**22.** सूची – I में दी मदों को सूची – II में दी मदों के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. झुण्ड समान गुच्छ | 1. ब्रंटलैण्ड रिपोर्ट |
| b. पूँजी का जैव संयोजन | 2. रेगनर नर्स्के |
| c. धारणीय विकास | 3. शुम्पीटर |
| d. गरीबी का दुष्चक्र | 4. कार्ल मार्क्स |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**23.** सूची – I का सूची – II के साथ मिलान करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. निम्न स्तरीय संतुलन फन्दा | 1. साइमन कुज़नेट |
| b. औंधी ‘V’ आकार की आय वितरण परिकल्पना | 2. नेल्सन |
| c. अन्तर्जात संवृद्धि सिद्धांत | 3. आर्थर लेविस |
| d. श्रम की असीमित आपूर्ति | 4. रॉबर्ट सोलो |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**24.** हिन्दुओं की संवृद्धि दर के बारे में निम्नलिखित में से क्या सही है ?

(A) यह हिन्दुओं की जनसंख्या की आर्थिक संवृद्धि दर के बारे में है ।
(B) भारत में भिन्न सामाजिक समूहों के बीच आर्थिक विषमताओं को दर्शाता है ।
(C) भारतीय अर्थव्यवस्था की 1950-80 के दौरान निम्न संवृद्धि निष्पन्नता प्रकट करता है ।
(D) भारत में 1980 से त्वरित संवृद्धि का संकेत करता है ।

**25.** भारत में आर्थिक सुधारों की सफलता के बारे में गलत कथन ज्ञात करें ।

(A) जनांकिकीय लाभांश के फायदे
(B) सकल घरेलू बचतों में कॉरपोरेट क्षेत्र का वर्धित हिस्सा
(C) चालू खाते के घाटे का संकुचित होना
(D) जनसंख्या वृद्धि दर का धीमा होना

**26.** भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में न सम्मिलित की जाने वाली गतिविधि बताएँ ।

(A) विनिर्माण (B) निर्माण
(C) खदान (D) विद्युत

**27.** किस उद्योग का अधिक विकास भविष्य में औद्योगिक विकास के लिए धनात्मक संकेत देता है ?

(A) पूँजीगत वस्तुओं के उद्योग
(B) मूलभूत वस्तुओं के उद्योग
(C) टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उद्योग
(D) मध्यवर्ती वस्तुओं के उद्योग

**28.** वो पद्धति कौन सी है जो भारत में एन.एस.एस.ओ. द्वारा बेरोजगारी के आकलन के लिये उपयोग नहीं की जा रही है ?

(A) चालू मासिक प्रास्थिति
(B) चालू दैनिक प्रास्थिति
(C) चालू साप्ताहिक प्रास्थिति
(D) प्रायिक प्रधान एवं गौण प्रास्थिति

**29.** The process of budget making after reevaluating every item of expenditure in every financial year is known as
(A) Performance Budgeting
(B) Fresh Budgeting
(C) Debit Budgeting
(D) Zero Based Budgeting

**30.** Rank the states in terms of ascending Human Development Index (HDI) as per India Human Development Report 2011 :
I. Bihar
II. Gujarat
III. Odisha
IV. Tamil Nadu
**Codes :**
(A) I, II, III, IV (B) III, I, II, IV
(C) I, III, IV, II (D) III, II, I, IV

**31.** A difference in relative commodity prices between two nations can be based upon a difference in
(A) factor endowment
(B) technology
(C) tastes
(D) All of the above

**32.** Which type of trade is not explained by the Heckscher-Ohlin model ?
(A) Trade based on economies of scale
(B) Intra industry trade
(C) Trade based on imitation gaps and product cycles
(D) All of the above

**33.** An example of a Euro currency is
(A) a dollar deposit outside the U.S.
(B) a pound sterling deposit within UK
(C) a mark deposit with Germany
(D) All of the above

**34.** A deficit or surplus in the India's balance of payments is measured by the net balance of
(A) the current account
(B) the capital account
(C) allocation of SDRs and the statistical discrepancy
(D) All of the above

**35.** If the demand of the domestic consumers is infinitely elastic and the supply of the foreign producer is perfectly inelastic, then the whole of the tariff will
(A) be paid by the domestic consumers
(B) be paid by the foreign producer
(C) be equally shared by the domestic consumers and the foreign producer
(D) yield neither revenue nor protection to either of them

**36.** The RBI made Indian Rupee fully convertible in current account transactions related to goods and services in the year
(A) 1985 (B) 2002
(C) 1994 (D) 2011

**37.** According to the monetary approach, a revaluation of a nation's currency
(A) increases the nation's demand for money
(B) increases the nation's supply of money
(C) reduces the nation's demand for money
(D) reduces the nation's supply of money

29. प्रत्येक वित्तीय वर्ष में व्यय की प्रत्येक मद के पुनर्मूल्यांकन करने के पश्चात् बजट बनाने की प्रक्रिया को कहते हैं
   (A) निष्पन्नता बजटन
   (B) नव बजटन
   (C) डेबिट (नामे) बजटन
   (D) शून्य आधार बजटन

30. भारत मानव विकास रिपोर्ट 2011 के अनुसार आरोही मानव विकास सूचकांक के सम्बन्ध में राज्यों की श्रेणी निर्धारित करें :
   I. बिहार
   II. गुजरात
   III. ओडीसा
   IV. तमिलनाडु

   **कूट** :
   (A) I, II, III, IV (B) III, I, II, IV
   (C) I, III, IV, II (D) III, II, I, IV

31. दो राष्ट्रों के बीच वस्तु की सापेक्ष कीमतों में अन्तर को निम्नलिखित में अन्तर पर आधारित किया जा सकता है :
   (A) साधन उपलब्धता (B) प्रौद्योगिकी
   (C) रुचि (D) उपर्युक्त सभी

32. किस प्रकार के व्यापार की व्याख्या हैक्सचर-ओहलिन मॉडल द्वारा नहीं की गई है ?
   (A) बड़े पैमाने की किफायतों पर आधारित व्यापार
   (B) अंतरा उद्योग व्यापार
   (C) अनुकरणात्मक अंतराल तथा उत्पाद चक्र आधारित व्यापार
   (D) उपर्युक्त सभी

33. यूरो करेन्सी का उदाहरण है
   (A) यू.एस. के बाहर डॉलर निक्षेप
   (B) यू.के. के अन्दर पौंड स्टर्लिंग निक्षेप
   (C) जर्मनी के पास मार्क निक्षेप
   (D) उपर्युक्त सभी

34. भारत के भुगतान संतुलन में घाटे या अतिरेक को निम्नलिखित के निवल संतुलन द्वारा मापा जाता है :
   (A) चालू खाता
   (B) पूँजीगत खाता
   (C) एस.डी.आर्स का आबंटन और सांख्यिकीय विसंगति
   (D) उपर्युक्त सभी

35. यदि घरेलू उपभोक्ताओं की माँग असीम मात्रा में लोचदार है और विदेशी उत्पादक की आपूर्ति पूर्णत्या बेलोचदार है, तो पूरा का पूरा शुल्क
   (A) घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा दिया जाएगा ।
   (B) विदेशी उत्पादक द्वारा दिया जाएगा ।
   (C) घरेलू उपभोक्ताओं और विदेशी उत्पादक द्वारा बराबर-बराबर दिया जाएगा ।
   (D) दोनों में से किसी को भी न तो आय और न सुरक्षा की प्राप्ति होगी ।

36. भारतीय रिज़र्व बैंक ने किस वर्ष में भारतीय रुपये को वस्तुओं और सेवाओं के सम्बन्ध में चालू खाता लेनदेन में पूर्णतया परिवर्तनीय किया ?
   (A) 1985 (B) 2002
   (C) 1994 (D) 2011

37. मौद्रिक उपागम के अनुसार, राष्ट्र की करेन्सी का पुनर्मूल्यांकन
   (A) मुद्रा के लिए राष्ट्र की माँग में वृद्धि करता है ।
   (B) राष्ट्र की मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि करता है ।
   (C) मुद्रा के लिये राष्ट्र की माँग कम करता है ।
   (D) राष्ट्र की मुद्रा आपूर्ति कम करता है ।

www.prepp.in

**38.** Arrange the following in chronological order :

I. Sarkar Award
II. Niemeyer Award
III. Deshmukh Award
IV. Meston Award

**Codes :**

(A) II, IV, III, I (B) IV, III, II, I
(C) III, II, IV, I (D) IV, II, I, III

**39.** In which of the following, Zero Based Budgeting is difficult to introduce ?

I. Establishment charges
II. Public works
III. Irrigation Projects
IV. Federal fiscal transfers

**Codes :**

(A) I, III and IV are correct.
(B) II, III and IV are correct.
(C) I and IV are correct.
(D) II and III are correct.

**40.** Match the items given in List – I with those in List – II :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Theory of Clubs | 1. Anthony Downs |
| b. Impossibility theorem | 2. Charles Tiebout |
| c. Political of Decision Making Model | 3. James Buchanan |
| d. Optimum provision of local public goods | 4. Kenneth Arrow |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**41.** Which of the following tax has 'announcement effect' ?

(A) Income tax
(B) Property tax
(C) Excise Duties
(D) Capital gains taxation

**42.** Which of the following tax is within the jurisdiction of Union or Central Government as enumerated in List – I of Schedule VII of the India Constitution ?

(A) Taxes on the consumption and sale of electricity.
(B) Taxes on goods and passengers carried by road.
(C) Taxes on luxuries, including entertainments.
(D) Taxes on Sales and purchase of newspapers and on advertisement therein.

**43.** A tax imposed on a commodity according to its weight, size or measurement is called

(A) Advalorem tax
(B) Specific tax
(C) Single tax
(D) Double taxation

**44.** Which of the following is Musgrave's views on incidence of taxation ?

(A) Settlement of tax on ultimate tax payer.
(B) Formal and effective incidence of taxation.
(C) Changes in the distribution of income for private use arising from changes in budget policy.
(D) The final direct money burden of a tax.

www.prepp.in

**38.** निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें :

I. सरकार एवार्ड

II. नीमीयर एवार्ड

III. देशमुख एवार्ड

IV. मेस्टन एवार्ड

**कूट :**

(A) II, IV, III, I (B) IV, III, II, I

(C) III, II, IV, I (D) IV, II, I, III

**39.** निम्नलिखित में से किसमें शून्य आधारित बजटन प्रारम्भ करना कठिन है ?

I. स्थापना खर्च

II. लोक निर्माण कार्य

III. सिंचाई परियोजनाएँ

IV. फेडरल रोजकोषीय अंतरण

**कूट :**

(A) I, III और IV सही हैं ।

(B) II, III और IV सही हैं ।

(C) I और IV सही हैं ।

(D) II और III सही हैं ।

**40.** सूची – I में दी मदों को सूची – II में दी गई मदों के साथ सुमेलित करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | क्लब का सिद्धांत | 1. | एंथनी डाऊन्स |
| b. | प्रमेय की असंभाविता | 2. | चार्ल्स टिबूट |
| c. | राजनीतिक निर्णयन का मॉडल | 3. | जेम्स बुचानन |
| d. | स्थानीय लोक वस्तुओं की इष्टतम व्यवस्था | 4. | कैनेथ एरो |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**41.** निम्नलिखित में से किस कर का 'घोषणात्मक प्रभाव' होता है ?

(A) आय कर

(B) सम्पत्ति कर

(C) उत्पाद शुल्क

(D) पूँजीगत लाभ कराधान

**42.** निम्नलिखित में से कौन सा कर भारतीय संविधान की अनुसूची – VII की सूची – I के अनुसार संघीय या केन्द्रीय सरकार के सीमा क्षेत्र में पड़ता है ?

(A) विद्युत के उपभोग और बिक्री पर कर

(B) सड़क मार्ग से जाने वाले यात्रियों तथा वस्तुओं पर कर

(C) मनोरंजन समेत विलासिताओं पर कर

(D) समाचारपत्रों की बिक्री एवं खरीद तथा उसमें विज्ञापन पर कर

**43.** वस्तु के वजन, आकार या नाप के अनुसार लगाया गया कर क्या कहलाता है ?

(A) यथामूल्य कर

(B) परिमाणपरक कर

(C) एकल कर

(D) दोहरा कराधान

**44.** कर भार पर मसग्रेव का विचार निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(A) अन्तिम कर दाता पर कर निर्धारण

(B) औपचारिक तथा प्रभावपूर्ण कर भार

(C) बजट नीति में परिवर्तनों के कारण निजी उपयोग हेतु आय के वितरण में परिवर्तन

(D) कर का अन्तिम प्रत्यक्ष मौद्रिक भार

**45.** Given arithmetic mean = 45, mode = 48, then median =

(A) 46

(B) 45

(C) 48

(D) 49

**46.** If two events A and B are mutually inclusive, then P(A or B) is

(A) P(A) + P(B) – P(AB)

(B) P(A) + P(B) + P(AB)

(C) P(A) + P(B)

(D) P(A) P(B)

**47.** The analysis of variance is carried out by using

(A) t-test

(B) Z-test

(C) $\chi^2$-test

(D) F-test

**48.** Systematic sampling implies that the first item is selected randomly and

(A) the other items are selected by lottery method

(B) the other items are selected purposively

(C) then every $k^{th}$ item is selected

(D) the other items are selected at the will of the investigator

**49.** Given the following information match the item in List – I with List – II :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Rejecting $H_0$, if it is true | 1. | $\beta$ error |
| b. | Accepting $H_0$, if it is false | 2. | Standard error |
| c. | Probability of rejecting $H_0$, when it is false | 3. | $\alpha$ error |
| d. | Measuring sampling variability due to random force | 4. | $1 - \beta$ error |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**50.** **Assertion (A) :** Geometric mean is theoretically considered as the best average to construct index numbers.

**Reason (R) :** Geometric mean is used if the range of observations is extremely large.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** गणितीय माध्य = 45, बहुलक = 48, दिए गए होने पर माध्यिका होगी

(A) 46 (B) 45

(C) 48 (D) 49

**46.** यदि दो घटनाएँ A और B पारस्परिक रूप से अपवर्जक (या एकान्तिक) हैं, तो P (A या B) है

(A) P(A) + P(B) – P(AB)

(B) P(A) + P(B) + P(AB)

(C) P(A) + P(B)

(D) P(A) P(B)

**47.** प्रसरण का विश्लेषण निम्नलिखित का उपयोग करके किया जाता है :

(A) t-परीक्षण (B) Z-परीक्षण

(C) $\chi^2$-परीक्षण (D) F-परीक्षण

**48.** व्यवस्थित प्रतिचयन का तात्पर्य है कि पहली मद का यादृच्छिक रूप से चयन किया जाता है और

(A) अन्य मदों का लॉटरी पद्धति द्वारा चयन किया जाता है ।

(B) अन्य मदों को आनुपातिक रूप से चयनित किया जाता है ।

(C) फिर प्रत्येक kवीं मद का चयन किया जाता है ।

(D) अन्य मदों का अनुसंधानकर्त्ता की इच्छा के अनुसार चयन किया जाता है ।

**49.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. $H_0$ को अस्वीकार करना, यदि वह सत्य है | 1. β त्रुटि |
| b. $H_0$ को स्वीकार करना, यदि वह मिथ्या है | 2. मानक त्रुटि |
| c. जब $H_0$ मिथ्या है उसे अस्वीकार करने की संभाविता | 3. α त्रुटि |
| d. यादृच्छिक बल के कारण प्रतिचयन परिवर्तिता का मापन | 4. 1 – β त्रुटि |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**50.** **अभिकथन (A) :** सूचकांक निर्मित करने के लिए ज्यामितीय माध्य को सैद्धांतिक रूप से श्रेष्ठ औसत समझा जाता है ।

**कारण (R)** : यदि प्रेक्षणों की परास (या सीमा) काफी बड़ी है तो ज्यामितीय माध्य का उपयोग किया जाता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) मिथ्या है ।

(D) (A) मिथ्या है, परन्तु (R) सत्य है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**